# प्रेस नोट

## दिनांक 04.11.2025

## कार्तिक पुर्णिमा के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी जनपद हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा यमुना बेतवा संगम का निरीक्षण किया गया -

आज दिनांक 04.11.2025 को श्रीमान जिलाधिकारी जनपद हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक महोदया, जनपद हमीरपुर द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यमुना एवं बेतवा घाट का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ घाटों का दौरा करते हुए सुरक्षा के इंतजामों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने घाटों की सफाई, रौशनी की व्यवस्था, बैरिकेडिंग और आपातकालीन सेवाओं के उपलब्धता का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण जैसे लाइफ जैकेट और आपातकालीन नावें उपलब्ध रहें, ताकि किसी भी आकस्मिक घटना से निपटा जा सके।

इसके साथ ही उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि सभी पुलिसकर्मी सतर्क रहें और भीड़ में किसी प्रकार की अव्यवस्था या आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पुलिस बल को विशेष रूप से सतर्क रहने के आदेश दिए घाटों पर स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर व अन्य सम्बन्धिक कर्मचारीगण मौके पर मौजूद रहे।

